Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 01-12-2005

Participants : Goyal Shri Surendra Prakash

>

Title : Need to set up a Bench of High Court in Western Uttar Pradesh.

श्री सुरेन्द्र प्रकाश गोयल (हापुड़) : उपाध्यक्ष जी, मैं गाजियाबाद-हापुड़, उत्तर प्रदेश से सांसद हूं तथा केन्द्र सरकार का ध्यान पश्चिमी उत्तर प्रदेश के आम नागरिकों की काफी समय से लम्बित गंभीर समस्या की ओर दिलाना चाहता हूं। इस क्षेत्र के लोग कई वर्ाों से हाई कोर्ट बैंच स्थापना की मांग कर रहे हैं। इससे पहले पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई सांसदों द्वारा इस विाय को सदन में उठाया जा चुका है लेकिन अभी तक इस कार्य में कोई प्रगति नहीं हुई है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मेरठ, गाजियाबाद, आगरा ऐसे स्थान हैं जो कि सड़क एवं रेल से जुड़े हुए हैं। इलाहाबाद पश्चिमी उत्तर प्रदेश के उक्त तीनों शहरों से लगभग 450 कि.मी. दूरी पर है। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ जो इलाहाबाद से 110 कि.मी. पर है वहां हाई कोर्ट की बैंच पहले ही स्थापित है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की जनता आशा एवं आकांक्षा के अनुरूप उन्हें सस्ता एवं सुलभ न्याय दिलाने के लिए उक्त तीनों स्थानों में से किसी एक पर हाई कोर्ट की बैंच स्थापना करना नितांत ही आवश्यक हो गया है, क्योंकि इलाहाबाद जाना बहुत ही खर्चीला और समय की बर्बादी है। उक्त तीनों स्थानों में से किसी एक पर हाई कोर्ट बैंच स्थापित करना लोगों के लिए कम खर्चीला होगा और समय की सबसे ज्यादा बचत होगी।

मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि इस विाय पर गंभीरता से विचार किया जाए तथा उक्त तीनों स्थानों में से किसी भी एक पर जनहित में फैसला करके हाई कोर्ट बैंच की स्थापना शीघ्र की जाए।